





# राहुल पहुंचे इंदौर, भागीरथपुरा कांड की रिपोर्ट ली, पीड़ितों के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भी मिले

**इंदौर.** शनिवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इंदौर पहुंचे. इस दौरान उन्होंने बॉम्बे हॉस्पिटल जाकर दूषित पानी से बीमार हुए मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात की और भागीरथपुरा में दूषित पानी से जान गंवाने वाली गीता बाई तथा जीवनलाल के परिवारों से मिलकर संवेदना व्यक्त की. साथ ही संस्कार गार्डन में अन्य प्रभावित परिवारों से भी मुलाकात की. उनका यात्रा के दौरान वे शहर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भी मिले. उन्होंने इस दौरान सरकार पर जमकर हमला बोला. कार्यकर्ताओं में भी उत्साह दिखा.

आज राहुल गांधी भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से मरने और बीमार होने पर इंदौर दौरे पर आए थे. एयरपोर्ट पर राहुल गांधी की अगवानी प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह, विवादित बयान देने वाले विधायक फुलसिंग बरैया ने की.



## सज्जन वर्मा ने राहुल को सौंपी रिपोर्ट

भागीरथपुरा में दूषित पानी से हादसा के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने समिति नियुक्त कर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए थे. समिति अध्यक्ष पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने आज एयरपोर्ट पर राहुल गांधी के आगमन पर रिपोर्ट सौंपी. इस दौरान वर्मा ने भागीरथपुरा में प्रशासन और सत्ता द्वारा समिति के रोकने और पीड़ितों से नहीं मिलने देने के जानकारी भी दी. वर्मा ने राहुल को बताया कि आज भी भागीरथपुरा की स्थिति खराब है और साफ पानी पीने को नहीं मिल रहा है. कई रहवासी क्षेत्र से पलायन कर रिश्तेदारों के घर जाकर रहने को मजबूर है. वर्मा के साथ समिति सदस्य महेश परमार, प्रताप ग्रेवाल प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश सह प्रभारी संजय दत्त मौजूद थे.

### राहुल ने जाते वक्त विधायक दल से की चर्चा

राहुल गांधी ने दिल्ली वापसी करने से पहले एयरपोर्ट पर वीआईपी लांच में प्रदेश विधायक दल के साथ चर्चा की. इस दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने विधायको का परिचय करवाया. चर्चा में मुख्य रूप से विधायक कमलेश्वर पटेल, महेश परमार, प्रताप ग्रेवाल, जयवर्धन सिंह,अजय सिंह, सचिन यादव और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी मौजूद थे.

### बिदाई से पहले की मुलाकात

राहुल गांधी अपना इंदौर दौरा पूरा कर वापस दिल्ली लौट रहे थे, उस दौरान कई कांग्रेस नेताओं ने एयरपोर्ट पर विदाई से पहले मुलाकात की. गांधी को बिदाई देने के लिए पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, सेवादल अध्यक्ष अविनाश भार्गव, इंदौर प्रभारी संजीव सक्सेना, पूर्व युवक कांग्रेस अध्यक्ष अमन बजाज, पार्षद कुणाल सोलंकी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया, प्रदेश युवक कांग्रेस अध्यक्ष यश घनघोरिया, मुकेश यादव, जीतू ठाकुर सहित कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे.

### शहर अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से मिलवाया

इंदौर. आज भागीरथपुरा संस्कार गार्डन में मीडिया से चर्चा के बाद राहुल गांधी ने कार्यकर्ता से मुलाकात की. शहर, जिला और युवक कांग्रेस अध्यक्ष ने राहुल गांधी से कार्यकर्ताओं से मिलने का आग्रह किया. इसके बाद राहुल गांधी ने कार्यकर्ता से मुलाकात की. प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजेश चौकसे ने बताया कि शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े और युवक कांग्रेस अध्यक्ष अमित पटेल राहुल गांधी से कार्यकर्ता से मिलने का आग्रह किया. गांधी ने आग्रह सहज स्वीकार कर गार्डन में मौजूद कांग्रेस पार्षद, वरिष्ठ नेता और पार्टी कार्यकर्ता से मुलाकात की. चौकसे बताया कि राहुल ने कार्यकर्ता के साथ फोटो खिंचवाकर उत्साह बढ़ाया. इस दौरान कांग्रेस पार्षद राजू भदौरिया, सीमा सोलंकी, सुनीता मिमरोट भाटिया, दीपू यादव, सेफू वर्मा, गिरधर नागर, प्रवेश यादव, ओम सिलावट, रीता डांगरे, शैलेष गर्ग सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे.

## शोक संवेदना व्यक्त करते समय नागर, चौरसिया और सलूजा रहे साथ में



भागीरथपुरा में दूषित पानी से 23 लोगों की मौत हो चुकी है. आज राहुल गांधी भागीरथपुरा में सबसे पहले गीता बाई, शंकर पिता भेरूलाल परडिवाल और अन्य मृतक के घर जाकर संवेदना व्यक्त की. इस दौरान राहुल ने परिजनों से चर्चा कर घटना की जानकारी ली. मृतक गीता बाई के घर युवा कांग्रेस के चिंकी नागर और शंकर पिता भेरूलाल के घर प्रदेश प्रवक्ता अमित चौरसिया एवं कौमी एकता अध्यक्ष सच सलूजा ने गांधी को परिजनों से मिलवाया.



## शहर, जिला और युवक कांग्रेस ने संभाली गार्डन की कमान

आज राहुल गांधी के आगमन को व्यवस्थित रूप देने के लिए शहर, जिला और युवक कांग्रेस अध्यक्ष ने कमान संभाली. इस दौरान तीनों अध्यक्ष एयरपोर्ट मिलने की बजाय भागीरथपुरा के परिजनों से राहुल गांधी की चर्चा करवाने की व्यवस्था में लगे रहे. साथ ही चुनिंदा नेता और कार्यकर्ताओं को भी संस्कार गार्डन में प्रवेश और मुलाकात करवाने लगे रहे. शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े और युवक कांग्रेस अध्यक्ष अमित पटेल ने संस्कार गार्डन की पूरी जिम्मेदारी संभाली. इस दौरान वरिष्ठ नेताओं के प्रवेश और मुलाकात को सहज बनाकर राहुल गांधी दौरे को बिना किसी विवाद और हुड़दंग के आसानी से निपटाने मुख्य भूमिका निभाई. पार्षद राजू भदौरिया भी कार्यकर्ताओं को संयमित रहने और सुरक्षा को लेकर सक्रिय रहे. राहुल गांधी के संस्कार गार्डन में पीड़ितों के परिजनों मिलने के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ही साथ रहे, बाकी नेता एक तरफ खड़े हो गए थे. संस्कार गार्डन में सह प्रभारी उषा नायडू, संजय दत्त, मीनाक्षी नटराजन, विधायक सचिन यादव, कमलेश्वर पटेल प्रदेश के कई नेता मौजूद थे.

## एक नजर में

### जीआरई रिन्यू एनर्टेक का इश्यू 13 जनवरी को खुलेगा

इंदौर. औद्योगिक और वाणिज्यिक ग्राहकों के लिए ऑन-साइट सौर ऊर्जा समाधान प्रदान करने वाली कंपनी, जीआरई रिन्यू एनर्टेक लिमिटेड ने अपने प्रस्तावित प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 100-105 रुपए प्रति इक्विटी शेयर का प्राइस बैंड तय किया है. यह आईपीओ 13 जनवरी, 2026 को खुलेगा और 16 जनवरी को बंद होगा. एंकर निवेशकों के लिए इश्यू 12 जनवरी, 2026 को खुलेगा. यह आईपीओ बुक-बिल्डिंग मार्ग के माध्यम से 10 रुपए अंकित मूल्य वाले 37.68 लाख नए इक्विटी शेयर्स का फ्रेश इश्यू है. प्राइस बैंड के ऊपरी स्तर पर, इश्यू का कुल आकार 39.56 करोड़ रुपए तक होगा. कंपनी के शेयर्स की लिस्टिंग बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म (बीएसई एसएमई) पर प्रस्तावित है. निवेशक न्यूनतम 2,400 इक्विटी शेयर्स के लिए बोली लगा सकते हैं और इसके बाद 1,200 शेयर्स के गुणकों में बोली लगा सकेंगे. ऑफर डॉक्यूमेंट में किए गए खुलासों के अनुसार, आईपीओ से प्राप्त होने वाली राशि का एक बड़ा हिस्सा रेस्को मॉडल के तहत 7.20 मेगावाट (एसी) की ग्राउंड-माउंटेड सोलर पॉवर परियोजना की स्थापना के लिए उपयोग किए जाने का प्रस्ताव है. इसके अलावा, शेष राशि का उपयोग सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा, जैसा कि ऑफर डॉक्यूमेंट में विस्तार से बताया गया है.

### एयू एसएफबी व आईसीएसआई ने एमओयू साइन किया

इंदौर. एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) ने आज देश भर में कंपनी सेक्रेटरी (सीएस) के लिए खास तौर पर बैंकिंग और क्रेडिट कार्ड सॉल्यूशन का एक खास सेट देने के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) के साथ एक एमओयू साइन किया. इस एमओयू का मुख्य मकसद दो तरह का होगा, यानी आईसीएसआई के सदस्यों को पूरी बैंकिंग सर्विस देना और बैंक के अंदर कंपनी सेक्रेटरी के लिए नौकरी के मौके भी देना. एमओयू पर आईसीएसआई के प्रेसिडेंट धनंजय शुक्ला और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के सर्कल मैनेजर - ब्रांच बैंकिंग, रजत माथुर ने साइन किए. एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के ईडी और डिप्टी सीईओ, उत्तम टिबरेवाल ने कहा, इस एमओयू के साथ हमारा मकसद आसान है- कंपनी सेक्रेटरी की फाइनेंशियल लाइफ को आसान और ज़्यादा एफिशिएंट बनाना. मिनिमम बैलेंस में छूट और स्पेशल क्रेडिट कार्ड से लेकर डोरस्टेप बैंकिंग और लाउंज एक्सेस तक, ये चुने हुए फायदे बिज़ी प्रोफेशनल्स की रोज़मर्रा की ज़रूरतों को पूरा करते हैं. यह ऐसी सुविधा देने के बारे में है जो उनके डिमांडिंग शेड्यूल और बिज़नेस की दुनिया में उनके एक्सपर्ट योगदान को पहचानती है.

### बी2बी ग्राहकों के लिए अमेजन बिजनेस का ऑफर

इंदौर. अमेजन ग्रेट रिपब्लिक डे सेल 2026 के दौरान अमेजन बिजनेस भारतीय कारोबारों को कई कैटेगरी में बड़ी बचत का मौका दे रहा है. इस सेल में बिजनेस और कॉरपोरेट ग्राहक लैपटॉप, मॉनिटर, ऑफिस फर्नीचर, इंडस्ट्रियल इक्विपमेंट और पैकेजिंग सप्लाई पर आकर्षक डील्स का लाभ उठा सकते हैं. ग्राहकों को एचपी, सैमसंग, हैवेल्स, प्रेस्टीज, बॉश, फिलिप्स, व्हर्लपूल, एलजी, शाओमी जैसे प्रमुख ब्रांड्स के बेस्टसेलिंग प्रोडक्ट्स पर 80त्न तक की छूट मिल रही है. अधिकतम बचत के लिए अमेजन बिजनेस बल्क डील्स पर 6% तक की छूट दे रहा है, वहीं प्रीपेड ऑर्डर पर 9999 रुपए तक का कैशबैक भी दिया जा रहा है. अमेजन बिजनेस सभी आकार के व्यवसायों को प्रतिस्पर्धी कीमतों, प्रोडक्ट्स की व्यापक रेंज और भरोसेमंद खरीदारी अनुभव की सुविधा देकर सहयोग करता है। इससे हर स्तर की संस्थाओं को बेहतर तरीके से काम करने और भरोसे के साथ आगे बढ़ने में मदद मिलती है. अमेजन बिजनेस के ग्राहक अपने बिजनेस अकाउंट में साइन इन करके इवेंट से जुड़ी सभी जानकारी देख सकते हैं. नए ग्राहक बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपना अमेजन बिजनेस अकाउंट बना सकते हैं.

### जानिए 2025 में इंदौर ने कैसे स्विगी किया

इंदौर. इंदौर की खानपान पहचान सिर्फ रोज़मर्रा की आदत नहीं, बल्कि देर रात तक चलने वाला एक जश्न है. शहर की चहल-पहल भरी सड़कों से लेकर ऐतिहासिक गलियों तक, इंदौर ऐसा शहर है जहां लोग सिर्फ खाना नहीं खाते, बल्कि हर कौर को अपनी सामूहिक आत्मा का हिस्सा मानकर सेलिब्रेट करते हैं. इंदौर एडिशन 'हाउ इंडिया स्विगी 'ड' पर एक नज़र डालिए, जो शहर की बदलती फूड आदतों की झलक पेश करता है और बीते साल का एक स्वादिष्ट रीकैप सामने लाता है. शाकाहारी व्यंजनों का दबदबा रहा. पनीर ग्रेवी 3.46 लाख ऑर्डर के साथ शहर की सबसे ज्यादा मंगाई जाने वाली डिश बनी. इसके बाद 2.2 लाख ऑर्डर के साथ भरपूर वेज थाली और 2 लाख ऑर्डर के साथ वेज बर्गर रहे, जो लोगों की पेट भरने वाले और जाने-पहचाने खाने की पसंद को दिखाता है. डेजर्ट में लोगों ने क्लासिक मिठाइयों को तरजीह दी। काजू बर्फी सबसे ऊपर रही, इसके बाद गुलाब जामुन और चॉकलेट केक का नंबर आया.

# दिग्विजय सिंह करेंगे प्रदेशव्यापी दौरा

▶ उम्र को देखते हुए यात्रा पैदल नहीं, बल्कि वाहनों से की जाएगी

नवभारत न्यूज

**इंदौर. मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने एक बार फिर प्रदेश की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने का संकेत दिया है. उन्होंने घोषणा की है कि वे इस वर्ष दीपावली से लेकर अगले वर्ष तक पूरे मध्यप्रदेश का व्यापक दौरा करेंगे, जिसका उद्देश्य कांग्रेस संगठन को नए सिरे से खड़ा करना होगा.**

इंदौर में शुक्रवार रात चुनिंदा पत्रकारों से बातचीत करते हुए दिग्विजय सिंह ने स्वीकार किया कि कांग्रेस के संगठनात्मक ढांचे में गंभीर कमज़ोरियाँ हैं और इन्हें दूर किए बिना जनता का भरोसा दोबारा नहीं जीता जा सकता. उन्होंने साफ़ कहा कि कांग्रेस को आमूल-चूल संगठनात्मक परिवर्तन की आवश्यकता है. इससे पहले दिन में इंदौर के भगीरथपुरा क्षेत्र में हुए दूषित जल कांड को लेकर दिग्विजय सिंह ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला. उन्होंने इस पूरे प्रकरण के लिए भाजपा नेताओं,



प्रशासनिक अधिकारियों और तंत्र के कथित गठजोड़ को ज़िम्मेदार ठहराया. इस सवाल पर कि यदि वे मुख्यमंत्री होते तो क्या कार्रवाई करते, दिग्विजय सिंह ने कहा- 'मैं ऐसे किसी प्रकरण को होने ही नहीं देता.' उन्होंने पूरे मामले को जन अदालत और पब्लिक फोरम में लाने की मांग की, ताकि सभी साक्ष्य सार्वजनिक हो सकें. दिग्विजय सिंह ने आशंका जताई कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो इस मामले को भी रफा-दफा कर दिया जाएगा.

राजनीतिक स्थिति पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि जनता भाजपा से परेशान है, लेकिन कांग्रेस का संगठन मज़बूत न होने के कारण पार्टी उस नाराज़गी को अपने पक्ष में नहीं बदल पा रही है. उन्होंने एक बार फिर संगठन सुधार की ज़रूरत पर ज़ोर दिया. पश्चिम बंगाल का उदाहरण देते हुए दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस के संगठन की सराहना की और कहा कि मज़बूत संगठन के कारण भाजपा के लिए वहां सत्ता में आना आसान नहीं है. राज्यसभा में तीसरी बार न जाने के अपने फैसले पर दिग्विजय सिंह ने स्पष्ट किया कि यह निर्णय राष्ट्रीय कार्यकारिणी में पहले ही तय हो चुका था कि कोई भी नेता तीसरी बार राज्यसभा नहीं जाएगा. उन्होंने कहा कि अब उनका पूरा ध्यान मध्यप्रदेश पर केंद्रित रहेगा. अपने आगामी दौरे को लेकर उन्होंने कहा कि उम्र को देखते हुए यह यात्रा पैदल नहीं, बल्कि वाहन से की जाएगी, लेकिन इसकी व्यापकता और राजनीतिक उद्देश्य में कोई कमी नहीं होगी.

# स्थापना महोत्सव का समापन, सादगी से मना जन्मोत्सव

▶ स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर आयोजित

**इंदौर.** उषा नगर स्थित गजासीन शनि धाम में चल रहे तीन दिवसीय 15वां स्थापना महोत्सव का तृतीय दिवस के आयोजन के साथ समापन हुआ.

धाम अधिष्ठाता महामंडलेश्वर डॉ. दादू महाराज के सानिध्य में प्रात: 8 बजे से शनि शांति यज्ञ पं. महेंद्र दुबे द्वारा करवाया गया. वही 9 बजे से अष्टांग आयुर्वेदिक कॉलेज द्वारा नि:शुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ शिविर लगाया गया, जिसमें कई भक्तों ने लाभ लिया.

तत्पश्चात दोपहर 12 बजे शनि शांति यज्ञ की पूर्णाहुति हुई. दोपहर 1 बजे से संतो का महासंगम हुआ जिसमें उज्जैन निर्वाणी अखाड़े महंत दिग्विजयदास जी, 100 से अधिक राम कथा वाचक मोहन भाई, राजू दादा शास्त्री जी, अभिषेकानंद महाराज, पं. विठ्ठल गुरुजी सहित कई सम्मिलित हुए जहां उन्होंने गुरुजी को जन्मोत्सव की बधाई दी व उपस्थित श्रद्धालुओं को धार्मिक प्रवचन दिए. वही दोपहर 2 बजे से रक्तदान



शिविर का आयोजन हुआ जिसमें महामंडलेश्वर दादू महाराज ने सर्वप्रथम रक्त दान कर उपस्थित सभी भक्तों को दान के लिए उत्साहित किया जहां संस्थान सहित कई श्रद्धालुओं ने रक्त दान किया. शाम 7 बजे महाआरती के हुए तत्पश्चात अन्नकूट प्रसादी का वितरण किया गया. साथ ही कई भक्तों द्वारा जिला अस्पताल में फल वितरण, वही गरीब बस्ती में वस्त्र और कंबल दान किए गए वही कई भक्तों द्वारा पौधारोपण भी किया गया.




